कृषि विज्ञान केंद्र, चिन्यालीसौड़ की सत्रहवींवैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

आज दिनांक 28 अप्रैल 2022 को कृषि विज्ञान केंद्र, चिन्यालीसौड़ में सत्रहवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन आनलाइन मोड में किया गया | बैठक की अध्यक्षता डॉ लक्ष्मीकांत, निदेशक, विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा ने की | बैठक की शुरुआत केन्द्र के प्रधान वैज्ञानक एवं अध्यक्ष डॉ चित्रांगद सिंह राघव द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत कर की गयी | तत्पश्चात उनके द्वारा वर्ष 2021-22 की प्रगति समीक्षा प्रस्तुत की गयी | बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कार्य योजना भी प्रस्तावित की गयी |

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ लक्ष्मीकांत, निदेशक , वि०प०कृ०अनु०संस्थान अल्मोड़ा ने केंद्र द्वारा गत वर्ष किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि केंद्र द्वारा समय समय पर कृषकों को तकनीकी प्रदर्शन , उच्च गुणवत्ता वाले बीज एवं पौध तथा कृषकों की समस्या का निवारण किया जाता रहा है एवं केंद्र आगे भी कृषकों को इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लाभान्वित करता रहेगा | इसके साथ ही उन्होनें नयी एवं उन्नत प्रजातियों के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लगाने , बीज एवं पौध उत्पादन कों बढ़ाने, केसर एवं स्ट्राबेरी पर अनुकरणीय परीक्षण करने तथा जल संरक्षण पर कार्य करने का सुझाव भी दिया|

बैठक में वि०प०कृ०अनु०संस्थान अल्मोड़ा के प्रधान वैज्ञानिक डॉ निर्मल हेडाऊ , डॉ जे के बिष्ट, डॉ बी एम पांडे, डॉ के के मिश्रा द्वारा केन्द्र की उपलब्धियों हेतु केन्द्र की टीम को बधाई देने के साथ साथ आगामी प्रस्तावित कार्ययोजना पर चर्चा की | इस दौरान मतस्य विभाग के सहायक निदेशक श्री विश्वेश्वर प्रसाद, डी डी एम नाबार्ड श्री गुरविंदर पाहुजा, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ रजनीश सिंह, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी चिन्यालीसौड डॉ संजीव कुमार, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, श्री सचिन कुमार, प्रगतिशील कृषक श्री जगमोहन सिंह राणा ने आगामी कार्ययोजना हेतु महत्वपूर्ण सुझाव साझा किये जिन्हें निदेशक महोदय की अनुमति से आगामी कार्ययोजना में सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया | बैठक में केन्द्रीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून के डॉ बी डी सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ जे पी तिवारी, भरसार विश्वविद्यालय के डॉ सी तिवारी, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ पंकज नौटियाल, नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे , वरुण सुप्याल, ख्याली राम, प्रगतिशील कृषक जीत सिंह राणा, गंगा देवी, अतरा देवी आदि मौजूद रहे |

कृषि विज्ञान केन्द्र, चिन्यालीसौड़(उत्तराखण्ड)
(भाकृअनुप - विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा)
द्वारा आयोजित सत्रहवीं
वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक
17th Scientific Advisory
ittee Meeting


Zoom Meeting
Recording
Lakshmi Kant Director ICAR VPKAS Almora
kvk chinyalisaur
J k bisht
ICAR-VPKAS
DDM NABARD
JAGMOHAN SINGH RANA
Dr Rajnish Singh, CHO
Bisheshwar prasad
Ganpati Enterpri...
Ganpati Enterprises
ICAR VPKAS Almora
Lata Bhanwar
Lata Bhanwar
Suresh Kumar
Suresh Kumar